>

Title: Regarding operational issues pertaining to some trains in Jharkhand-laid.

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह): 12307 – 12308 हावड़ा जोधपुर एक्स्प्रेस का ठहराव 1 जून 2020 से ही झारखंड के कोडरमा जंक्शन और पारसनाथ जंक्शन पर नहीं हो रहा है | कोहरे के कारण 12987,12988 सियालदाह अजमेर एक्स्प्रेस का परिचालन 1 दिसम्बर 2021 से 28 फ़रवरी 2022 तक रद्द करने की घोषणा की गई है | ऐसे में राजस्थान के जयपुर, कोटा, अजमेर, और खाटूश्याम का संपर्क झारखंड से टूट जाएगा | इसी तरह पुरषोत्तम एक्स्प्रेस (12801, 12802) ट्रेन का भी ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर था लेकिन अब वहाँ ट्रेन का ठहराव नहीं है जिससे दुनियाभर से आ रहे जैन समुदाय के लोगों को श्री सम्मेद जी शिखरजी तीर्थस्थल जाने मे काफी कठिनाई होती है |

अतः मेरा रेल मंत्रालय से यह आग्रह है की हावड़ा जोधपुर एक्स्प्रेस और पुरषोत्तम एक्स्प्रेस का ठहराव पारसनाथ स्टेशन मे भी किया जाए |वर्षों से हटिया पटना एक्स्प्रेस में बरकाकाना पैसेंजर के माध्यम से दो बोगी पटना के लिए गोमोह तक जाती थी उसे हटिया पटना से जोड़ दिया जाता था , लेकिन अब इस बोगी को बरकाकाना से पटना (पलामू एक्स्प्रेस) से जोड़ा जा रहा है | अतः आग्रह है की हटिया पटना एक्स्प्रेस मे दोनों बोगी बरकाकाना से गोमोह पैसेंजर के द्वारा गोमोह मे हटिया पटना एक्स्प्रेस से जोड़ा जाए |